>

Title: Need to start construction of a new railway line between Parasnath and Giridih in Dhanbad railway division in Jharkhand and also to run an E.M.U. train between Asansol and Barkakana.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का आग्रहपूर्वक ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि झारखंड प्रदेश में मधुबन जैनियों का बहुत बड़ा तीर्थ स्थल है, जहां पूरे विश्व से लोग आते हैं। आठ बरस पहले यहां पर रेल लाइन बिछाने के काम का सर्वे हुआ था। पारसनाथ से मधुबन होते हुए वाया गिरिडीह यह सर्वे हुआ था। दुर्भाग्य से अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। कल रेल मंत्री जी रेल बजट पेश करेंगे। मेरा आग्रह होगा कि यह जो जैन समुदाय का विश्व विख्यात पर्यटक स्थल है, जहां विश्व से लोग आते हैं, उसके सर्वे का काम पूरा कराकर रेल लाइन बिछाने का काम शुरू किया जाए। इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि गिरिडीह-कोडरमा रेल लाइन का काम अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार के समय शुरू हुआ था, अभी तक अधूरा है, उसे भी पूरा कराया जाए।

झारखंड राज्य के निर्माण के पश्चात् एक राजधानी ट्रेन जो वहां से चलती है, उसका कोच आज भी जर्जर स्थिति में है। मैंने कई बार रेल मंत्रालय के अधिकारियों को इस बारे में कहा और लिखा। लेकिन उस कोच को नहीं बदला गया, जिसके कारण उस राज्य से आने वाले लोगों को बहुत कष्ट होता है। गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र से शक्तिपुंज एक ट्रेन चलती है, यह तीन राज्यों को जोड़ती है।

उपाध्यक्ष महोदय: लेकिन आपने इसका नोटिस नहीं दिया है। आपने जो शून्य काल में बोलने के लिए नोटिस दिया है, उसमें नई रेलगाड़ी के सम्बन्ध में नोटिस दिया है। इसलिए जो आपने जिस विषय का नोटिस में उल्लेख किया है, कृपया उसी विषय पर ही बोलें।

श्री रविन्द्र कुमार पाण्डेय : यह शक्तिपुंज ट्रेन के बारे में हमने मंत्री जी से भी कहा है कि उसमें एक पेंट्री कार लगाई जाए। कल जो रेल बजट पेश होगा, उसमें ये विषय आएं और एक नई ईएमयू रेलगाड़ी वहां दी जाए जो बरकाकाना और गोमोह के बीच चले।